बैंक ऑफ बड़ौदा, को अपनी कढ़ेर चौरा, पीलीभीत शाखा (मय ए.टी.एम.) हेतु परिसर की आवश्यकता है। परिसर अधिग्रहण हेतु तैयार होना चाहिए या 3 से 4 माह के भीतर अधिग्रहण हेतु तैयार होने की स्थिति मे हो।

भवन मुख्य मार्ग से पूर्णतः दर्शनीय हो। भवन की आवश्यकता निम्नानुसार हैः

क्र. सं.	स्थान	कारपेट क्षेत्र (वर्गफुट)	भवन की आवश्यकता
1.	ग्राम - कढ़ेर चौरा, तहसील पूरनपुर पीलीभीत	1000-1300	शाखा (मय ए.टी.एम.)

प्रस्तावित भवन में विट्रीफाइड टाइल्स फ्लोरिंग, शटर, चैनल गेट एवं तीन फेज व्यासायिक बिजली कनेक्शन (10 के.वी.ए.) तथा शाखा भवन में टॉयलेट, कैश रूम, स्टोर व फर्श टाइल्स भवन स्वामी को अपने खर्चे पर उपलब्ध करवाना होगा। इसके साथ ही परिसर की छत पर बैंक को वी-सेट / पोल अंटीना/ सोलर पैनल लगाने की अनुमति , जनरेटर रखने हेतु जगह एवं पर्याप्त पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराना होगा जिसके लिए बैंक द्वारा अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा। परिसर किराये का भुगतान कार्पेट क्षेत्रफल के आधार पर किया जाएगा। कार्पेट क्षेत्रफल की गणना मे टॉइलेट, सीढ़ियाँ, परिसर के भीतर की दीवारें, बालकनी, पार्किंग क्षेत्र इत्यादि को शामिल नहीं किया जाएगा।

सभी प्रस्ताव दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में टू बिड सिस्टम (1. तकनीकी बिड एवं 2. वित्तीय बिड) में आमंत्रित किए जाते हैं:

1. तकनीकी बिड में भवन की सभी तकनीकी विवरण जैसे कि परिसर का स्थान, पता, अधिग्रहण प्रमाण पत्र सहित स्वीकृत प्लान, व्यवसायिक उपयोग प्रमाणपत्र, पट्टे पर लिए जाने वाले कारपेट क्षेत्र का भाग, व्यवसायिक उपयोग हेतु स्वीकृति आदि। **(तकनीकी बिड में किसी भी रूप में किराए का विवरण नहीं दें)**

2. वित्तीय बिड में स्पष्ट एवं पूर्ण वित्तीय विवरण जैसे कि किराया प्रति वर्गफुट कारपेट क्षेत्र की दर, नगरपालिका/ग्राम पंचायत कर एवं पट्टा व्यय का विवरण आदि. कारपेट क्षेत्र की नाप आईएस कोड 3861-21002 के आधार पर होनी चाहिए।

दोनों सील लिफाफे जिनपर **"तकनीकी बिड"** एवं **"वित्तीय बिड"** ऊपर पूरा पता लिखा हो तथा सूचना/विज्ञापन का संदर्भ/विवरण दिया गया हो, को एक सील लिफाफे में बंद कर दें. दोनों सीलबंद लिफाफे (टीबी एवं एफबी) एक सीलबंद लिफाफे में रखे जाएं जिस पर **"कढ़ेर चौरा, बरेली के लिए परिसर का प्रस्ताव"** लिखा हो तथा आवेदक का नाम व पता लिखा हो को निम्न पते पर दिनांकः **28.11.2022, शाम 3.00 बजे** तक भिजवाएं।

क्षेत्रीय प्रबंधक,
बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली जिला क्षेत्र
35A/8, प्रभा सिनेमा के सामने,
रामपुर गार्डन, सिविल लाइंस
बरेली – 243001
संपर्क संख्याः 7617588350 (परिसर विभाग)
दिनांक : **04.11.2022**

नोटः

A. तकनीकी बिड दिनांक 28.11.2022 को सायं 4:00 बजे उपरोक्त पते पर खोले जाएंगे ।

B. एजेंटों के आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।

C. बैंक द्वारा उक्त प्रक्रिया में किसी भी समय पर लिया गया निर्णय अंतिम होगा तथा किसी भी प्रकार का दावा अथवा विवाद मान्य नहीं होगा।

D. बैंक बिना कारण बताए किसी भी अथवा समस्त निविदायों को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

E. इस निविदा से संबन्धित कोई भी संशोधन केवल बैंक की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा । अत: निविदाकर्ता निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक बैंक की वैबसाइट पर निविदा प्रपत्र देखते रहें।

तकनीकी बिड का प्रारूप / Format for Technical Bid

1	मालिक का नाम/ Name of owner	
2	मालिक का पता/Address of owner	
3	टेलीफोन नंबर/मोबाईल नंबर/Telephone/Mobile number	
4	प्रस्तावित परिसर का पता/Address of proposed premises	
5	परिसर का मालिकाना साक्ष्य (कॉपी संलग्न करें) Proof of ownership (attach copy)	
6	भूतल पर परिसर का प्रस्तावित कारपेट क्षेत्र Proposed carpet area of premises on ground floor	चौ._____फीटः लं._____फीटः W_____ft: L_____ft कुल_____वर्गफुट Total_____sqft
7	क्या संबंधित संपत्ति वाणिज्यिक उपयोग हेतु स्वीतकृत है. (प्रति संलग्न करें) Whether the said property has approval for commercial use (attach copy)	
8	स्वीकृत प्लान/पूर्णता/अधिग्रहण प्रमाणपत्र का विवरण Details of Sanction Plan/Completion/ Occupation Certificate	
9	मुख्य सड़क से दृश्यता / Visibility from Main Road	
10	परिसर की सामने की नाप / Frontage of the Site	_____फीट. _____ft.
11	पार्किंग की सुविधा / Parking Facility	
12	संरचना का प्रकार – आरसीसी/ भार धारित तथा निर्माण का वर्ष Type of Structure – RCC Load bearing & Year of Construction:	
13	विद्युत भार/जल कनेक्शन / Electric Load/Water Connection	_____केवीए उपलब्ध/उपलब्ध नहीं.☐_____KVA Available/Not Available
14	क्या परिसर अधिग्रहण के लिए तैयार है / Whether Readily Available for Occupation	
15	वी सैट एंटिना के लिए जगह / Space for V-Sat Antenna	

मालिक के हस्ताक्षर/SIGNATURE OF THE OWNER:

दिनांक/Date:

वित्तीय बिड के लिए प्रारूप / Format for financial bid

1. मालिक का पूरा नाम
Full Name of Owner

2. प्रस्तावित परिसर का पता:
Location of Premises:

3. कारपेट क्षेत्र का प्रतिवर्गफुट मासिक किराया :
Rent rate per sq. ft. of Carpet Area:

4.नगरपालिका कर : **भवन मालिक द्वारा वहन किया जाएगा**
Municipal Taxes : **To be borne by landlord**

5. भविष्य में संशोधन सहित कर : **भवन मालिक द्वारा वहन किया जाएगा**
Taxes including revision in future: : **To be borne by landlord**

6. किराए पर जीएसटी : **बैंक द्वारा वहन किया जाएगा**
GST on rent : **To be borne by the Bank**

7. पट्टे की अवधि (कम से कम 10 वर्ष) पांच वर्षों के पश्चात किराए में वांछित वृद्धि के साथ :
(-5- वर्षों के पश्चात अधिकतम -10%- वृद्धि)
Period of Lease (Minimum 10 years) with desired enhancement in rent after 5 years:
(Maximum -10%- enhancement after -5- years)

8. पट्टा विलेख की खर्च को समान अनुपात में वहन किया जाएगा: 50:50
Cost of Execution of Lease Deed to be shared in proportion: 50:50

9. ब्याज रहित अग्रिम किराए का भुगतान, यदि हो:
Payment of Interest Free Rent Advance, if any:

10. कोई अन्य शर्त:
Any other condition:

मालिक के हस्ताक्षर
SIGNATURE OF THE OWNER
दिनांक / Date: